उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED

(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 2816–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि–2019–11(1) / 2019 दिनांकः 6 दिसम्बर, 2019

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–। एवं ।।),
समस्त अधीक्षण अभियन्ता,
समस्त मुख्य महाप्रबन्धक / महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक,
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लि0।

विषयः– अवर अभियन्ताओं को 30 लीटर पेट्रोल के मूल्य के बराबर धनराशि की प्रतिपूर्ति के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र सं0–620–काविनी एवं वे0प्र0–29/ पाकालि / 2011, दिनांक 05.07.11 तथा संगत आदेशों का संदर्भ ग्रहण करें।

उक्त पत्र द्वारा उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 तथा उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 के विभिन्न क्षेत्रीय इकाईयों में तैनात अवर अभियन्ताओं, जो राजस्व वसूली, परिचालन एवं अनुरक्षण के कार्यो के सुचारू रूप से सम्पादन हेतु अपने तैनाती क्षेत्र में निजी वाहन द्वारा भ्रमण करते हैं, को 30 लीटर (तीस लीटर) पेट्रोल के बराबर की धनराशि की प्रतिमाह प्रतिपूर्ति सम्बन्धी दिशा–निर्देश निर्गत करते हुए सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ताओं को अधिकृत किया गया है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र में वर्णित प्रतिबन्धों के अधीन सम्बन्धित अवर अभियन्ता के कार्य एवं प्रकृति के दृष्टिगत उनसे सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ताओं को अधिकृत किये जाने के फलस्वरूप कृपया तद्नुसार अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(मुकुल सोनकर)
संयुक्त सचिव (पारेषण)

संख्या : 2816–पारे0अनु0–16 / पाट्राकालि / 2019 / तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।
2. अधिशासी अभियन्ता (सं0) निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को ट्रान्समिशन की वेब–साइड www.upptcl.org पर अपलोड करने हेतु।
3. कट फाइल।

आज्ञा से

(मुकुल सोनकर)
संयुक्त सचिव (पारेषण)